# वास्तव में आपको जुआ खेलने की कितनी कीमत चुकानी पड़ रही है?




## आप जितना सोचते/सोचती हैं, उससे कहीं अधिक।

**GAMBLEAWARE**
gambleaware.nsw.gov.au
1800 858 858

NSW GOVERNMENT

NSO0006_InVenue_posters_A4_V5_SBS_HIN.indd 1 24/11/2020 1:25:39 PM

# वास्तव में आपको जुआ खेलने की कितनी कीमत चुकानी पड़ रही है?




## आप जितना सोचते/सोचती हैं, उससे कहीं अधिक।


**GAMBLEAWARE**
gambleaware.nsw.gov.au
1800 858 858


NSW GOVERNMENT

3G-Hindi. 1220. LG23112

# दस लाख में से एक।

## गेमिंग मशीन पर आपकी जैकपॉट जीतने की संभावना बस इतनी ही है।

**GAMBLEAWARE**
**gambleaware.nsw.gov.au**
**1800 858 858**

NSW GOVERNMENT

# क्या आप जुआ खेलने से मुक्ति पाना चाहते/चाहती हैं?




**आप यहाँ खुद को जुए से निषेध कर सकते/सकती हैं।
गेमिंग मैनेजर से बात करें या
GambleAware को 1800 858 858 पर कॉल करें।**

**GAMBLEAWARE**
gambleaware.nsw.gov.au
1800 858 858

NSW GOVERNMENT

NSO0006_InVenue_posters_A4_V5_SBS_HIN.indd 5 24/11/2020 1:25:51 PM

# सहायता बस निकट ही उपलब्ध है




## आपके लिए यहाँ 24/7.

GAMBLEAWARE
gambleaware.nsw.gov.au
1800 858 858

NSW GOVERNMENT

NSO0006_InVenue_posters_A4_V5_SBS_HIN.indd 3 24/11/2020 1:25:46 PM

# सहायता बस निकट ही उपलब्ध है




6G (4)-Hindi. 1220. LG26412

## आपके लिए यहाँ 24/7.

**GAMBLEAWARE**
**gambleaware.nsw.gov.au**
**1800 858 858**

NSW GOVERNMENT

यदि आप आज किसी से जानकारी और समर्थन के लिए बात करना चाहते/चाहती हैं, तो कॉल करें

**GambleAware**
**gambleaware.nsw.gov.au**
**1800 858 858**

GambleAware किसी भी समय उपलब्ध है, दिन के 24 घंटे, वर्ष में 365 दिन।

आप गोपनीय रूप से और निशुल्क सहायता प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

आप अपनी भाषा में किसी से बात कर सकते/सकती हैं। हमारे पास अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अन्य भाषाएँ बोलने वाले सलाहकार और दुभाषिए भी उपलब्ध हैं।

हम जुआ खेलने वाले लोगों को समर्थन देते हैं - और उनके परिवारों और दोस्तों को भी।

इनके द्वारा प्रकाशित:
**जिम्मेदारीपूर्वक जुआ खेलना कार्यालय**
**(Office of Responsible Gambling)**
जीपीओ बॉक्स 7060, सिडनी एनएसडब्ल्यू 2001

**www.responsiblegambling.nsw.gov.au**


इस विवरणिका की एक से अधिक प्रतियों के लिए:
**ईमेल:** contact.us@liquorandgaming.nsw.gov.au
**फोन:** 1300 024 720

NSW GOVERNMENT

नवंबर 2020 | Hindi
1-Hindi. 1220. LG31111

# जीतने की संभावना के बारे में जानकारी

## क्या आप गेमिंग मशीनों पर बाजी लगा रहे/रही हैं?




**GAMBLEAWARE**
**gambleaware.nsw.gov.au**
**1800 858 858**

NSW GOVERNMENT

NSW_GA_Brochure_Design_Info_Gaming_machines_v4_HI.indd 1
9/12/2020 12:16:49 PM

**आप तात्कालिक रोमांच या यहाँ तक कि जुए के लंबे सत्र के लिए पोकीज़ खेल सकते/सकती हैं, लेकिन आपको इन गेमिंग मशीनों और ये कैसे काम करती हैं, इसके बारे में वास्तव में कितनी जानकारी है?**

**पोकर मशीनों को परिचालन करने वाले लाइसेंस-प्राप्त स्थलों के लिए लाभप्रद बनाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया जाता है। एनएसडब्ल्यू में ये स्थल होटल, पंजीकृत क्लबों और कैसिनों होते हैं। पोकर मशीनें पैसे खर्च करने का मजेदार तरीका तो हो सकती हैं, लेकिन इन्हें लोगों को पैसा बनाने में सहायता देने के लिए डिज़ाइन नहीं किया जाता है। आप कुछ समय के लिए पैसे जीत सकते/सकती हैं, परंतु लंबी अवधि में इनसे आगे रहना वास्तव में असंभव होता है।**





## संयोग का खेल क्या है?

गेमिंग मशीनें संयोग का खेल होती हैं। आप जीतें या हारें, यह पूरी तरह से भाग्य की बात है।

संयोग के खेलों में खेलने के कोई तरीके या पैटर्न नहीं होते हैं, जो आपकी जीत या हार पर प्रभाव डाल सकते हैं। गेमिंग मशीनों में एक कंप्यूटर प्रोग्राम होता है, जिसे यादृच्छिक संख्या जनक (रैंडम नम्बर जैनरेटर) के रूप में जाना जाता है।

हरेक बार जब आप खेल खेलने के लिए बटन दबाते/दबाती हैं, तो कंप्यूटर प्रोग्राम बेतरतीब ढंग से प्रत्येक प्रतीक या चित्र की स्थिति का चयन करता है।

एनएसडब्ल्यू सरकार सभी गेमिंग मशीनों के संचालन प्रोग्रामों की जाँच करती है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सख्त तकनीकी मानकों को पूरा करते हैं। मशीनों के साथ छेड़छाड़ करना या बिना पूर्वानुमति के गेमिंग मशीन के संचालन को बदलना किसी के लिए भी अवैध होता है।

गेमिंग मशीनें सोच या याद नहीं रख सकती हैं। वे कंप्यूटर प्रोग्रामों द्वारा संचालित होती हैं जो यादृच्छिक (रेंडम) परिणाम उत्पन्न करते हैं।

## गेमिंग मशीनें कैसे काम करती हैं?

गेमिंग मशीनों में रीलें होती हैं जो प्रतीकों या चित्रों को दर्शाती हैं। प्रत्येक रील पर प्रत्येक रुकने की स्थिति के लिए आवंटित किए गए प्रतीकों को मशीन में प्रोग्राम किया जाता है। ये स्थितियाँ स्थायी होती हैं और अलग-अलग खेलों में बदलती नहीं हैं। रील पर अन्य स्थानों पर अन्य प्रतीकों को स्थायी रूप से नियत किया जाता है।

रुकने की स्थिति का यादृच्छिक (रेंडम) विकल्प प्रत्येक रील के लिए अलग और स्वतंत्र रूप से किया जाता है। पाँच रीलों और प्रत्येक रील पर 35 संभावित रोक स्थितियों वाली एक मशीन पर लगभग 52 मिलियन संभव रोक संयोजन हो सकते हैं।

प्रत्येक गेमिंग मशीन को अलग-अलग तरीके से डिज़ाइन किया जाता है और इसमें अधिकतम पुरस्कार जीतने की अलग-अलग संभावनाएं होती हैं, लेकिन सामान्य रूप से जैकपॉट जीतने की आपकी संभावना एक मिलियन में एक से बेहतर नहीं होती है, और इससे बहुत ही ज़्यादा कम भी हो सकती है।

लंबी अवधि में मशीन को आपसे आगे रहने के लिए डिज़ाइन किया जाता है और आप पैसे हार जाएँ/जाएँगी।

## क्या आप अपने जीतने की संभावना बढ़ा सकते/सकती हैं?

**नहीं** - गेमिंग मशीन के खेल के परिणाम पर बाहरी कारकों से कोई असर नहीं पड़ता है, जिसमें पिछले खेल भी शामिल हैं।

इसका मतलब है कि गेमिंग मशीन के व्यवहार की भविष्यवाणी करना असंभव है। प्रत्येक दिखाई देने वाले प्रतीक को बेतरतीब ढंग से चुना जाता है।

इससे कोई अंतर नहीं पड़ता है, यदि:

- आप किसी अन्य व्यक्ति द्वारा बड़ी धनराशि जीतने के बाद सीधे उसी मशीन पर खेलें
- आप किसी ऐसी मशीन पर खेलें, जिसपर लंबे समय से कोई बड़ी धनराशि नहीं जीती गई है
- आप दिन या रात के किन्हीं निश्चित समयों पर खेलें
- आप सप्ताह के निश्चित दिनों में खेलें
- आप बटनों को किसी निश्चित तरीके से दबाएँ।

आप पोकीज़ खेल के परिणाम को बदल नहीं सकते/सकती हैं।

NSW_GA_Brochure_Design_Info_Gaming_machines_v4_HI.indd 2
9/12/2020 12:16:51 PM

यदि आप आज जानकारी और समर्थन के लिए किसी से बात करना चाहते/चाहती हैं, तो कॉल करें

**GambleAware**
gambleaware.nsw.gov.au
1800 858 858

GambleAware किसी भी समय, दिन में 24 घंटे, वर्ष में 365 दिन उपलब्ध है।

आप गोपनीय रूप से और नि:शुल्क सहायता प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

आप अपनी भाषा में किसी से बात कर सकते/सकती हैं। हमारे पास अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाएँ बोलने वाले सलाहकार और दुभाषिए भी उपलब्ध हैं।

हम जुआ खेलने वाले लोगों की सहायता करते हैं - और उनके परिवारों और दोस्तों की भी।

इनके द्वारा प्रकाशित:
The Office of Responsible Gambling
GPO Box 7060, Sydney NSW 2001

www.responsiblegambling.nsw.gov.au

इस विवरणिका की एक से अधिक प्रतियों के लिए:
**ईमेल:** contact.us@liquorandgaming.nsw.gov.au
**फोन:** 1300 024 720

NSW GOVERNMENT

मई 2024 | HINDI
2-HINDI 0524.LG32100

# जीतने की संभावनाओं के बारे में जानकारी

## क्या आप लोट्टो, लॉटरियों या केनो पर बाजी लगा रहे/रही हैं?



**GambleAware**
gambleaware.nsw.gov.au
1800 858 858

NSW GOVERNMENT

आपको लोट्टो और पावरबॉल में लोगों की जीत के बारे में, लॉटरी में भाग्यशाली होने, या केनो में जीत की संख्याएँ आने के बारे में लोगों से सुनाई दे सकता है।

जीतने की संभावनाओं, और इसी तरह से पुरस्कारों की संभावनाओं में अंतर इस बात पर निर्भर करता है कि आप कौन सा गेम खेलते/खेलती हैं। जीतने वाली सभी संख्याओं और टिकटों को बेतरतीब ढंग से चुना जाता है। इसलिए आपके जीतने की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए कोई खेल रणनीति नहीं होती है।

# आपके लिए ड्रॉ जीतने की क्या संभावना है?

## वीकडे विंडफॉल और सैटरडे लोट्टो

वीकडे विंडफॉल के लिए सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को ड्रॉ किए जाते हैं। सैटरडे लोट्टो के लिए शनिवार को ड्रॉ किए जाते हैं। वीकडे विंडफॉल और सैटरडे लोट्टो के हरेक गेम में 45 गेंदें होती हैं, जिनकी संख्या 1 से 45 तक होती है। ड्रॉइंग मशीन द्वारा बेतरतीब ढंग से आठ गेंदों का चयन किया जाता है। चुनी गई पहली छह गेंदें जीत की संख्याएँ होती हैं और अंतिम दो गेंदें संपूरक संख्याएँ होती हैं। यह ज़रूरी है कि कम से कम चार गेम्स खेले जाएँ। डिवीज़न वन पुरस्कार जीतने की संभावना (1 मानक गेम के आधार पर) 8,145,060 में से 1 होती है।

## लोट्टो स्ट्राइक

लोट्टो स्ट्राइक सैटरडे लोट्टो या वीकडे विंडफॉल गेम्स में पहली चार जीत की संख्याओं पर आधारित होती है। खिलाड़ी 1 और 45 के बीच चार संख्याएँ चुनते हैं। लोट्टो स्ट्राइक में प्रवेश करने के लिए आपको सैटरडे लोट्टो या वीकडे विंडफॉल गेम भी खेलना होगा। जीत की कितनी संख्याओं का मिलान पहली चार सैटरडे लोट्टो या वीकडे विंडफॉल के लिए चुनी गई संख्याओं से होता है, इसके अनुसार डिवीज़नल पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, लेकिन केवल तभी जब चुनी गई संख्याएँ सही क्रम में हों। डिवीज़न वन पुरस्कार जीतने की संभावना (स्ट्राइक 4, 1 मानक गेम के आधार पर) 3,575,880 में से 1 होती है।

## पावरबॉल

पावरबॉल ड्रॉ गुरुवार की रात को चुने जाते हैं। पावरबॉल को दो ड्रॉइंग मशीनों से चुना जाता है। पहली ड्रॉइंग मशीन से 1 से 35 के बीच सात संख्याएँ ड्रॉ की जाती हैं, और दूसरी ड्रॉइंग मशीन से एक पावरबॉल संख्या चुनी जाती है जो 1 से 20 के बीच होती है। यह ज़रूरी है कि कम से कम चार गेम्स खेले जाएँ। डिवीज़न वन पुरस्कार जीतने की संभावना (1 मानक गेम के आधार पर) 134,490,400 में से 1 होती है।

## ऑज़ (Oz) लोट्टो

ऑज़ लोट्टो के लिए ड्रॉ मंगलवार की रात को चुने जाते हैं। ऑज़ लोट्टो में 1 से 47 तक की संख्याओं वाली 47 गेंदें होती हैं। बेतरतीब ढंग से दस चुनी जाती हैं। चुनी गई पहली सात संख्याएँ जीत की संख्याएँ होती हैं और अंतिम तीन संख्याएँ संपूरक संख्याएँ होती हैं। यह ज़रूरी है कि कम से कम एक गेम खेला जाए। डिवीज़न वन पुरस्कार जीतने की संभावना (1 मानक गेम के आधार पर) 62,891,499 में से 1 होती है।

## इंस्टेंट लॉटरियाँ - 'इंस्टेंट स्क्रैच-इट्स'

इंस्टेंट लॉटरियों में, जिन्हें इंस्टेंट स्क्रैच-इट्स भी कहा जाता है, एक टिकट में संख्याओं, प्रतीकों या चित्रों को प्रकट करना शामिल होता है। आपके लिए जीतने की वास्तविक संभावनाएँ खेले जाने वाले हरेक गेम के प्रकार के अनुसार अलग-अलग होती हैं। उदाहरण के रूप में $2 के इंस्टेंट स्क्रैच-इट्स टिकट पर सबसे बड़ा पुरस्कार जीतने की संभावना 1,250,000 में से 1 होती है।

## ड्रॉ लॉटरियाँ - 'लकी लॉटरीज़'

लकी लॉटरीज़ सुपर जैकपॉट और लकी लॉटरीज़ मेगा जैकपॉट में क्रमशः 270,000 और 200,000 संख्याओं वाले टिकट होते हैं।

पहले जीत की संख्याओं को टिकट पूल से चुना जाता है, और जीत की संख्या वाले टिकटों एवं जीत की संख्या के आस-पास वाले टिकटों को पुरस्कार प्रदान किया जाता है। फिर टिकट पूल से जैकपॉट संख्या चुनी जाती है।

जब जीत की संख्याओं में से कोई संख्या जैकपॉट संख्या से मेल खाती है, तो यह जैकपॉट जीतना होता है। एक ही गेम के अंदर लकी लॉटरीज़ सुपर जैकपॉट जीतने की संभावना 18,385,877 में से 1 होती है और एक ही गेम के अंदर लकी लॉटरीज़ मेगा जैकपॉट जीतने की संभावना 9,483,168 में से 1 होती है।

## चालू भुगतान लॉटरी - 'सेट फॉर लाइफ'

एक सेट फॉर लाइफ टिकट को लगातार रूप से सात दैनिक ड्रॉ में खेला जाता है और यह ज़रूरी है कि आप एक बार में कम से कम दो गेम्स खेलें। सेट फॉर लाइफ में 1 से लेकर 44 तक की संख्याओं के सेट से नौ संख्याओं को बेतरतीब ढंग से चुना जाता है। चुनी गई पहली सात संख्याएँ जीत की संख्याएँ होती हैं, और अंतिम दो संख्याएँ संपूरक संख्याएँ होती हैं। एक ही खेल में सभी सात संख्याओं का मिलान करके डिवीज़न वन जीतने की संभावना 38,320,568 में से 1 होती है।

## केनो

केनो के हरेक गेम में 80 में से 20 संख्याओं को बेतरतीब ढंग से चुना जाता है, और पुरस्कार इस बात पर आधारित होते हैं कि आपके द्वारा चुनी गई कितनी संख्याएँ ड्रॉ की गई संख्याओं से मेल खाती हैं। हरेक गेम में खिलाड़ी 1-10, 15, 20 या 40 संख्याएँ चुन सकते हैं। यदि आप 7, 8, 9 या 10 संख्याएँ खेलने का चयन करते/ती हैं, तो आपकी बाजी का कुछ अनुपात जैकपॉट पूल में जोड़ दिया जाएगा, जिसके बाद आपके पास इसे जीतने का अवसर होगा। आपके लिए जैकपॉट जीतने की वास्तविक संभावनाएँ इस बात के अनुसार अलग-अलग होती हैं कि आप कितनी संख्याएँ खेलने का चयन करते/ती हैं। उदाहरण के रूप में, 10 संख्याओं वाले जैकपॉट को जीतने की संभावना 8,911,711 में से 1 होती है।

कई पंजीकृत क्लबों, होटलों और कैसिनों में खेलने के लिए कीनो उपलब्ध रहता है।

## क्या आप लॉटरियों या केनो में अपनी जीत की संभावनाएँ बढ़ा सकते/सकती हैं?

**नहीं**-जीत की संख्याएँ बेतरतीब ढंग से चुनी जाती हैं, इसलिए किसी भी संख्याओं के सेट के लिए जीत की संभावना किसी भी अन्य सेट की संभावना के बिल्कुल बराबर होती है। इन सभी गेम्स को एनएसडब्ल्यू सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे निष्पक्ष हैं। खेलने के लिए 'सबसे अच्छा गेम' कोई नहीं होता है। कुछ गेम्स के लिए बहुत बड़े पुरस्कार होते हैं जिन्हें जीत पाना बहुत कठिन होता है, लेकिन ड्रॉ लॉटरियों और इंस्टेंट लॉटरियों में आपके लिए बहुत छोटा पुरस्कार जीतने की संभावना अधिक होती है।

यदि आप आज ही समर्थन और जानकारी के लिए किसी से बात करना चाहते/चाहती हैं, तो कॉल करें

**GambleAware**
**gambleaware.nsw.gov.au**
**1800 858 858**

GambleAware किसी भी समय उपलब्ध है, दिन के 24 घंटे, वर्ष में 365 दिन।

आप गोपनीय और निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

आप अपनी भाषा में किसी से बात कर सकते/सकती हैं। हमारे पास अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अन्य भाषाएँ बोलने वाले सलाहकार और दुभाषिए भी उपलब्ध हैं।

हम जुआ खेलने वाले लोगों को समर्थन देते हैं - और उनके परिवारों और दोस्तों को भी।


प्रकाशनकर्ता
**The Office of Responsible Gambling**
GPO Box 7060, Sydney NSW 2001

**www.responsiblegambling.nsw.gov.au**

इस विवरणिका की एक से अधिक प्रतियों के लिए:
ईमेल: contact.us@liquorandgaming.nsw.gov.au
फोन: 1300 024 720


NSW GOVERNMENT


दिसंबर 2020 | हिन्दी (HINDI)
3-Hindi. 1220. LG33111


# आपके जीतने की संभावनाओं के बारे में जानकारी

## क्या आप कैसिनो में टेबल के खेलों पर बाजी लगाते/लगाती हैं?



**GAMBLEAWARE**
**gambleaware.nsw.gov.au**
**1800 858 858**

NSW GOVERNMENT


NSW_GA_Brochure_Casino_v3_HIN.indd 1
13/01/2021 12:19:29 PM

**संयोग या कुशलता वाले कैसिनो के खेल उन लोगों के लिए मनोरंजक हो सकते हैं, जिन्हें घूमते हुए चक्कों पर बाजी लगाना, ताश के पत्ते बाँटे जाना और पासे फेंकना पसंद है।**

**परंतु कैसिनों अपने लिए लाभ कमाने के लिए ही होते हैं। हरेक खेल में एक हाउस मार्जिन होती है। यह बाजी पर लगाए गए पैसों का एक समग्र प्रतिशत होती है, जो कैसिनो अपने लिए रखता है। इसे हाउस के नाम से भी जाना जाता है। हाउस मार्जिन जितनी कम होगी, उतने ही अधिक अनुपात में खिलाड़ियों को पैसे लौटाए जाते हैं।**

कुशल खिलाड़ी कुशलता के खेलों में पैसे लगाकर संभावित रूप से हाउस मार्जिन को कम कर सकते हैं, परंतु बाजी लगाने की रणनीति चाहे कुछ भी हो, संयोग के खेलों में हाउस मार्जिन को बदला नहीं जा सकता है।

लंबे समय में, अधिकांश खिलाड़ियों के लिए आगे निकलने का संयोग नहीं होता है। प्रत्येक खेल को स्वतंत्र लिक़र और गेमिंग प्राधिकरण (Independent Liquor & Gaming Authority) द्वारा अनुमोदित नियमों के अनुसार संचालित किया जाना चाहिए।

## आपका नंबर कितनी बार आएगा?

### ब्लैकजैक

ब्लैकजैक ताश के पत्तों से खेला जाने वाला संयोग और कुशलता का खेल है, जिसमें खिलाड़ी बेहतर रणनीति का उपयोग करके अपनी जीत का संयोग बढ़ा सकते हैं। डीलर द्वारा ताश के दो पत्ते दिए जाने के बाद खिलाड़ी और अधिक पत्ते लेने का चयन कर सकता है, ताकि डीलर की सकल संख्या की तुलना में उसका कुल स्कोर 21 के निकट पहुँच सके - 21 से अधिक हुए बिना। चेहरे (चित्र) वाले पत्तों के लिए 10 अंक गिने जाते हैं, इक्के के लिए 1 या 11 अंक गिने जाते हैं, और 1 से 10 के बीच के पत्तों के लिए उनपर इंगित अंक गिने जाते हैं। सामान्य रूप से कुशल खिलाड़ियों के लिए हाउस मार्जिन 1% से कम होती है।

### कैरेबियन स्टड पोकर

ताश के पत्तों का यह खेल संयोग और कुशलता का खेल है, और यह पाँच पत्तों के स्टड पोकर पर आधारित है। आरंभिक 'स्टेक' या 'एंटी' के लिए खिलाड़ियों को पाँच पत्ते पलटा करके दिए जाते हैं, जबकि डीलर को चार दिखाई देने वाले पत्ते और एक पलटा हुआ पत्ता दिया जाता है। यदि खिलाड़ी को लगता है कि वह डीलर के हैंड को हरा नहीं सकता है, तो वह अपने स्टेक को छोड़ सकता है। खेल जारी रखने के लिए खिलाड़ी का अगला दाँव सबसे पहले दाँव का दोगुना होना चाहिए। हरेक खिलाड़ी और डीलर के बीच सबसे अच्छे पोकर हैंड की जीत होती है। जैकपॉट दाँव भी उपलब्ध रहते हैं। कैरेबियन स्टड पोकर के लिए हाउस मार्जिन लगभग 5.5% होती है, जिसमें जैकपॉट के लिए भी कुछ अंश शामिल है।

### बकारा

बकारा एक संयोग का खेल है, जिसमें 10 से कम अंक वाले ताश के पत्तों के लिए उनपर इंगित अंक गिने जाते हैं; इक्के के लिए 1 अंक गिना जाता है; और दस के अंक व चेहरे (चित्र) वाले पत्तों के लिए 0 गिना जाता है। खिलाड़ी और बैंकर, दोनों के हैंड के लिए दो पत्ते दिए जाते हैं, फिर इन पहले दो पत्तों के जोड़ के आधार पर तीसरा पत्ता दिया जा सकता है। इन जोड़ों को ऐसे माना जाता है कि मानों पहला अंक अनुपस्थित है - इसलिए 15 के जोड़ वाले हैंड को 5 माना जाता है। जिसके पास पत्तों का जोड़ 9 के सबसे निकट होता है, वह खेल जीत जाता है। खिलाड़ी या तो खिलाड़ी के हैंड पर या बैंकर के हैंड पर दाँव लगा सकते हैं, या दोनों के जोड़ बराबर निकलने पर दाँव लगा सकते हैं। बकारा के लिए हाउस मार्जिन लगभग 1.2% होती है।

### सिक बो

सिक बो में तीन पासे फेंके जाते हैं और खिलाड़ी अलग-अलग संयोजनों, जोड़ों और परिणामों का अनुमान लगाने की कोशिश करते हैं। हरेक प्रकार के दाँव के लिए हाउस मार्जिन 2.8% (बड़े, छोटे या दो पासों के संयोजन) से लेकर एक विशिष्ट ट्रिपल के लिए 16.2% तक हो सकती है। सिक बो एक संयोग का खेल है, इसलिए इन मार्जिनों को कम करने के लिए सट्टेबाजी की कोई रणनीति नहीं है।

### क्रैप्स

क्रैप्स दो पासों के साथ खेला जाता है, जिसमें खिलाड़ी दोनों पासों के किसी भी जोड़ पर दाँव लगा सकते हैं। खिलाड़ियों को पासे फेंकने का अवसर दिया जाता है, बशर्ते वे विन लाइन या डोंट विन लाइन पर बाजी लगाएँ। सबसे सामान्य रूप से मिलने वाला जोड़ सात होता है, इसलिए अक्सर दाँव इस संयोग पर आधारित होते हैं कि शूटर द्वारा पासे फेंकने पर सात का जोड़ आता है या नहीं आता है। क्रैप्स की हाउस मार्जिन (एक बार पासे फेंके जाने में) सात पर बाजी के लिए 16.67% से लेकर विन ऑड्स के लिए 0.85% तक काफी फैली हो सकती है। कुल मिलाकर हाउस मार्जिन लगभग 2% होती है।

### रूलेट और डबल ज़ीरो रूलेट

ऑस्ट्रेलियाई रूलेट में, जो एक संयोग का खेल है, चक्के पर 37 संख्याएँ होती हैं: 18 लाल रंग की, 18 काले रंग की और एक शून्य, या डबल ज़ीरो रूलेट में, 38 संख्याएँ होती हैं। चक्का एक दिशा में घुमाया जाता है और एक छोटी सी गेंद, जो धातु की नहीं होती है, दूसरी दिशा में घुमाई जाती है। खिलाड़ी स्ट्रेट अप (गेंद के एक विशिष्ट संख्या के ऊपर ठहरने पर) दाँव लगा सकते हैं, या संख्याओं के संयोजन पर दाँव लगा सकते हैं, जैसे लाल या काले रंग की होने पर, विषम या सम होने पर अथवा निम्न या अधिक होने पर (1 से लेकर 18 तक के बीच अथवा 19 से लेकर 36 तक के बीच की संख्या)। रूलेट के लिए हाउस मार्जिन 2.7% और डबल ज़ीरो रूलेट के लिए 5.26% होती है।

### पाइ गाओ

पाइ गाओ एक और संयोग का खेल है जिसका अनुवाद संख्या नौ बनाना है। पाइ गाओ को 32 टाइलों के साथ खेला जाता है। इनमें से बाइस टाइलें 11 समरूपी जोड़ों के रूप में और शेष 10 टाइलें पाँच मिश्रित जोड़ों के रूप में होती हैं। पत्ते बांटने के बाद, हरेक खिलाड़ी और बैंक (या हाउस) को अपनी चार टाइलों से दो अलग-अलग हैंड बनाने होते हैं, जिन्हें लो हैंड और हाई हैंड कहा जाता है। खिलाड़ी के हैंड और बैंक के हैंड की तुलना करके यह निर्धारित किया जाता है कि किसकी जीत होगी। पाइ गाओ के लिए हाउस मार्जिन 1.5% होती है।

## क्या आप अपने जीतने की संभावना बढ़ा सकते/सकती हैं?

**नहीं – संयोग के खेलों में नहीं - क्योंकि पासों और घूमने वाले चक्कों की कोई स्मरण-शक्ति नहीं होती है। संयोग के खेलों में हाउस मार्जिन नियमों से निर्धारित की जाती है।**



यदि आप आज किसी से जानकारी और समर्थन के लिए बात करना चाहते/चाहती हैं, तो कॉल करें

**GambleAware**
**gambleaware.nsw.gov.au**
**1800 858 858**

GambleAware किसी भी समय उपलब्ध है, दिन के 24 घंटे, वर्ष में 365 दिन।

आप गोपनीय रूप से और निशुल्क सहायता प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

आप अपनी भाषा में किसी से बात कर सकते/सकती हैं। हमारे पास अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अन्य भाषाएँ बोलने वाले सलाहकार और दुभाषिए भी उपलब्ध हैं।

हम जुआ खेलने वाले लोगों को समर्थन देते हैं - और उनके परिवारों और दोस्तों को भी।


इनके द्वारा प्रकाशित:
**जिम्मेदारीपूर्वक जुआ खेलना कार्यालय**
**(Office of Responsible Gambling)**
जीपीओ बॉक्स 7060, सिडनी एनएसडब्ल्यू 2001

**www.responsiblegambling.nsw.gov.au**

इस विवरणिका की एक से अधिक प्रतियों के लिए:
**ईमेल:** contact.us@liquorandgaming.nsw.gov.au
**फोन:** 1300 024 720


NSW GOVERNMENT


नवंबर 2020 | Hindi
4-Hindi. 1220. LG34111


# सहायता निकट ही उपलब्ध है

## आपके लिए यहाँ 24/7.



**GAMBLEAWARE**
**gambleaware.nsw.gov.au**
**1800 858 858**

NSW GOVERNMENT


NSW_GA_Brochure_Design_Help_is_close_v4B_HI.indd 1
8/12/2020 9:20:24 PM

## आपको जुआ खेलने की वास्तव में क्या कीमत चुकानी पड़ती है?

**ज़्यादातर लोग किसी न किसी समय पर जुआ खेलते ही हैं। हो सकता है कि वे पोकर मशीनों पर, TAB पर, लॉटरियों पर या कैसिनों में ऐसा करें। कई लोगों के लिए जुआ मज़ेदार और मनोरंजक होता है और इससे कोई भी नुकसान नहीं पहुँचता है।**

**परन्तु, कुछ लोगों के लिए जुआ समस्या बन सकता है। जुए की ऊँची कीमत चुकानी पड़ सकती है - आर्थिक, भावनात्मक और व्यक्तिगत रूप से। जुआ खेलने वाले व्यक्ति और उसके परिवार व दोस्तों के लिए यह हानिकारक हो सकता है।**






## मुझे कैसे पता चलेगा कि जुआ मेरे लिए एक समस्या बन गया है?

यदि जुआ तनाव या चिंता पैदा कर रहा है, तो यह समस्या का संकेत हो सकता है। जुआ आपको नुकसान पहुँचा रहा है, इसके अन्य संकेत हैं:

- जुए के बारे में दोषी, चिंतित या उदास महसूस करना
- जुए पर खर्च किए गए समय या पैसे पर नियंत्रण खोना
- परिवार और दोस्तों से दूरी बना लेना
- जुआ खेलना जारी रखने के माध्यम से खोई हुई धनराशि को वापस जीतने की कोशिश करना
- जुआ खेलने के लिए पैसे उधार लेना या कीमती सामान बेचना
- देरी से बिलों का भुगतान करना या नए क्रेडिट कार्डों के लिए साइन अप करना
- हर दिन जुए के बारे में सोचना
- जुए के बारे में झूठ बोलना

यदि आप या आपका कोई परिचित इनमें से किसी संकेत का अनुभव कर रहा है, तो जानकारी और समर्थन के लिए हाथ बढ़ाना महत्वपूर्ण है। आप GambleAware से संपर्क कर सकते/सकती हैं, जो जुआ खेलने वाले लोगों और उनके परिवारों तथा दोस्तों के लिए एक निशुल्क और गोपनीय सेवा है।

सहायता प्राप्त करने में देर कभी नहीं होती है - आप आज ही सहायता प्राप्त करने के लिए संपर्क कर सकते/सकती हैं।

## सहायता निकट ही उपलब्ध है

आप GambleAware से संपर्क करके जानकारी और समर्थन प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

GambleAware के पास एक गोपनीय फोन सेवा है, जो सूचना, समर्थन और रेफरल प्रदान करती है। यह किसी भी समय उपलब्ध है: दिन में 24 घंटे, सप्ताह में सातों दिन। यह कॉल निःशुल्क है - वास्तव में, यह फोन नंबर आपके बिल पर दिखाई भी नहीं देगा।

यदि आप बात करने से ज्यादा टाइप करना पसंद करते/करती हैं, तो वेबसाइट **www.gamblinghelponline.org.au** पर 24/7 चैट उपलब्ध है।

पूरे एनएसडब्ल्यू राज्य में GambleAware परामर्श सेवाएँ उपलब्ध हैं। अपने पास स्थित सेवा की खोज करने के लिए 1800 858 858 पर कॉल करें या **www.gamblinghelp.nsw.gov.au/find-support-near-you** पर अपनी स्थानीय सेवा के लिए देखें।

आदिवासी (एबोरिजनल) और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी के रूप में अपनी पहचान करने वाली महिलाओं और जो लोग अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाएँ बोलते हैं, उनके लिए विशेष समर्थन सेवाएँ उपलब्ध हैं।

यदि आप जुए के कारण आर्थिक या कानूनी चुनौतियों का सामना कर रहे/रही हैं, तो वित्तीय परामर्श और कानूनी सहायता भी उपलब्ध है।

यदि आप किसी परामर्शदाता से बात करने के लिए तैयार नहीं हैं, तो जुआ खेलने के स्थानों से या ऑनलाइन रूप से आत्म-बहिष्करण करने के विकल्प तथा GambleAware वेबसाइट पर ऑनलाइन आत्म-सहायता संसाधन उपलब्ध हैं। यदि आप किसी प्रियजन के बारे में चिंतित हैं, तो इस वेबसाइट पर परिवार और दोस्तों के लिए एक विशेष अनुभाग भी उपलब्ध है जहाँ आपके करने के लिए कुछ आसान गतिविधियाँ रेखांकित की गई हैं।

**और अधिक जानकारी या आज ही समर्थन प्राप्त करने के लिए 1800 858 858 पर कॉल करें या gambleaware.nsw.gov.au पर जाएँ।**

NSW_GA_Brochure_Design_Help_is_close_v4B_HI.indd 2
8/12/2020 9:20:31 PM